दैनिक
# न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, मंगलवार 30 अप्रैल 2024
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का निशुल्क प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 02 मई 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। वाट्सअप नंबर 7974942078,8656919787,7999984982 में संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये 35-35 सीट निर्धारित हैं।

### कार की ठोकर से ई-रिक्शा सवार तीन महिलाएं व बुजुर्ग घायल

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कुम्हारी फ्लाई ओवर ब्रिज में नशे में धुत एक कार चालक ने तेज रफ्तार में सामने जा रहे एक ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इससे रिक्शा में सवार तीन महिलाओं सहित एक बुजुर्ग को चोटें आई हैं। कुम्हारी पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी शासकीय अस्पताल भेजा है। कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एक ई रिक्शा चालक रविवार रात तीन महिलाओं को लेकर कुम्हारी से भिलाई की तरफ आ रहा था। इसी दौरान एक कार ष्ट्र 08 रस्3921 का चालक तेज रफ्तार में आया और ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। इससे रिक्शा उछलकर पलट गया। इस दुर्घटना में जहां बुजुर्ग का पैर टूट गया है, तो वहीं तीनों महिलाओं को काफी चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही कुम्हारी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लिया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए कुम्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से बुजुर्ग रायपुर रेफर किया गया है।

### गैस सिलेंडर हुआ लीक, मां के साथ दो बच्चे झुलसे

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई, जिसमें मां और 2 बच्चे झुलस गए। पड़ोसियों ने महिला और बच्चों को आग से बचाया। उन्हें उपचार कि लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। पूरा मामला भिलाई के सुपेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मोती चौक के पास आशा नायक रविवार की रात अपने घर में बच्चों के लिए दूध गर्म कर रही थी। गैस जलाने से पहले उसने ध्यान नहीं दिया कि सिलेंडर में लीकेज की समस्या है। उसने जैसे ही गैस ऑन की और दूध गर्म करने के लिए रखा आग पूरे सिलेंडर में फैल गई। बताया जा रहा है कि महिला खुद को बचाती उससे पहले आग उसके दुपट्टे में लग गई। वहीं पर दोनों बच्चे भी खेल रहे थे। महिला ने मदद की गुहार लगाई। जब तक पड़ोसी वहां पहुंचते और महिला को बचाते आग उसके कपड़ों में लग गई थी। इससे उसका चेहरा, हाथ, पैर बुरी तरह झुलस गया।

# 7 मई को मतदान का संदेश देते हुए निकाली गई स्वीप साइकिल रैली : गुंजा 'चला रइगढ़िया, वोट देवईया' का नारा

❑ सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने दिखाई हरी झंडी





**रायगढ़**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही यह आव्हान किया गया कि 7 मई को होने वाले मतदान में वे शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में साइकिल रैली का नेतृत्व सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी जितेन्द्र यादव कर रहे थे। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी भी साथ उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि 7 मई को जिले में होने वाले मतदान में सौ फीसदी भागीदारी के लिए चलाये जा रहे स्वीप अभियान के तहत आज स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वोट बेहद कीमती है। इसका उपयोग हमें स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। साइकिल रैली प्रात: 7 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ से शुरू होकर केलो विहार कालोनी, रोज गार्डन, डिग्री कालेज के पास से होते हुए पुन: कलेक्टोरेट में संपन्न हुई। साइकल रैली में सीईओ जनपद रायगढ़ राजेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य शामिल हुए। सीईओ यादव सहित जिला प्रशासन की टीम ने साइकिल चलाते हुए 'चला रइगढिय़ा, वोट देवईयां', जागो-जागो हे मतदाता, तुम हो भारत के भाग्य विधाता, लोकतंत्र का यह आधार वोट न कोई हो बेकार, आपका मतदान लोकतंत्र की जान, छोड़ के अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान के नारों के साथ शहरवासियों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## जनपद पंचायत खरसिया एवं तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ में बनाए गए अतिरिक्त सुविधा केन्द्र

### 1 मई को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक सुविधा केन्द्र में कर सकेंगे मतदान

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु 2 सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। जिनमें कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष एवं पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ शामिल है। इसके अतिरिक्त रायगढ़ जिले में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु जिले के धरमजयगढ़ एवं खरसिया मुख्यालय में अतिरिक्त सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है। विधानसभा लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ हेतु सभाकक्ष कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया एवं तहसील कार्यालय धरमजयगढ़ में डाकमत पत्र हेतु सुविधा केन्द्र बनाए गए है। दिनांक 01 मई 2024 को प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक अधिकारी-कर्मचारी उक्त सुविधा केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। मतदान केंद्र पर ड्यूटी हेतु नियुक्त मतदान दल के सदस्य, सेक्टर ऑफिसर और माइक्रो ऑब्जवर्स को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, निर्वाचन ड्यूटी पर संलग्न अन्य सभी अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मतपत्र जारी किए गए हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारियों से यथास्थिति डाक मतपत्र या निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की है।

## लीनेस क्लब सेवांजली ने शर्बत वितरण और मतदान जागरूकता कर मनाया चार्टर डे

**रायगढ़**



शहर सहित पूरा अंचल तेज गर्मी के चपेटे मे है। इस गर्मी में विभिन्न सड़कों पर राहगीर रास्ते में प्यास से व्याकुल दिखते हैं और परेशान होते हैं। राहगीरों को इस परेशानी से कुछ राहत मिले, इस उदेश्य से सेवांजली क्लब के सभी सदस्यों ने बोईरदादार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्टॉल लगाकर घर से बनाकर लाए स्वादिष्ट आम पना, रसना शर्बत एवं नीबू पानी का वितरण किया गया। जिसमें रोड पर निकलने वाले राहगीरों और वाहनों को रोककर सभी को शर्बत वितरण किया गया l साथ ही सभी लोगों को मतदान दिवस 07 जून को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मंदिर में भजन करने आयी महिलाओं को भी सेवांजली सदस्यों ने शर्बत वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ऑल इंडिया लीनेस एरिया एडवाइजर सुमिता पांडेय और सेवांजली अध्यक्ष रजनी मिश्रा ने दुर्गा मंदिर की आयोजक समिति का इस कार्यक्रम में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। चार्टर डे के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार्टर अध्यक्ष ली सुमिता पांडेय, अध्यक्ष ली रजनी मिश्रा, सचिव ली बबली कुलवेदी, संरक्षक ली मंजरी गुरु, कोषाध्यक्ष ली रूपांजली देशमुख , चेयर पर्सन ली तनु शर्मा, ली ममता चौहान के साथ ली प्रिया पांडेय, ली कावेरी शुक्ला, ली प्रतिभा सिंह, ली सुधा मिश्रा, ली रीता श्रीवास्तव, ली चंचला सिंह, ली सरोजिनी कुर्रे, ली सुनीता यादव आदि लीनेस सखियों का सक्रीय सहयोग और सहभागिता रही।

## लोकसभा निर्वाचन-2024... कलेक्टर गोयल ने पालीटेक्निक कालेज में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

❑ निर्वाचन की प्रक्रियाओं का रखें विशेष ध्यान-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

**रायगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज पालीटेक्निक कालेज में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यहां लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शशिकांत कुर्रे तथा तहसीलदार तमनार रिचा सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कक्षवार प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सीआरसी महत्वपूर्ण होती है, मॉकपोल पश्चात सीआरसी करना न भूले। इस दौरान उन्होंने मशीनों के रख-रखाव एवं बचाव के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्र के संबंध में बताया कि कुल 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। इसके साथ ही आपकी सुविधा के लिए गर्मी के लिहाज से कूलर एवं पेयजल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आपको किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मतदान दिवस पर की जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी दल समय का विशेष ध्यान रखें, ताकि नियत समय पर वास्तविक मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके।

कलेक्टर गोयल ने निर्देशित किया कि सभी टीम बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे मतदान दिवस पर आपका कार्य आसान हो जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से मशीन सीलिंग, मशीन रिप्लेस, मॉक पोल, मतदान समय, टेस्ट वोट, चैलेंज वोट जैसे मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल प्रश्न कर दूर कर लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थी अवश्य मतदान करें।

## परीक्षा परिणाम से होने वाले तनाव को दूर करने की पहल, 30 अप्रैल 2024 को जिले के सभी स्कूलों में आयोजित होगा, शिक्षक-पालक सम्मेलन

**रायगढ़**

आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थियों द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। जैसे-जैसे बोर्ड परीक्षा परिणाम के दिन नजदीक आते जा रहे हैं, छात्रों के दिलों की धड़कन बढऩे लगी है। 10वीं और 12वीं के छात्रों के चेहरे पर चिंता व तनाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। लेकिन यह तनाव कई बार घातक भी साबित हो जाता है। यही कारण है कि इस वक्त छात्रों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उनके डर को समझना, उनसे बात करते रहना और उनके मन में पनप रहे भावी परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव व अवसाद को दूर करने हेतु सार्थक व उपचारात्मक प्रयास व पहल करना उतना ही जरूरी।

इसी तारतम्य में शिक्षा विभाग ने पालक शिक्षक बैठक/पीटीएम समय-समय पर लिए जाने की प्राथमिकता तय की है। इस संबंध में विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि छात्र और पालकों को जागरूक करने हेतु दक्षता विकास प्रशिक्षण/पीटीएम आयोजित किया जाए ताकि, किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किया जा सके। इस हेतु यह बात विद्यार्थियों तथा माता-पिता तक पहुंचाना बेहद लाजमी है कि परीक्षा परिणाम रिजल्ट आशा अनुरूप न होना जीवन का कोई अंतिम परीक्षा रिजल्ट नहीं है। हमारे समझ बहुत से ऐसे उदाहरण है जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है किंतु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं। तथा वह हमारे प्रेरणा स्रोत रहे हैं। इस हेतु जन जागरण एवं सकारात्मक माहौल बच्चों एवं पालकों के मध्य लाना है। पालक बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया देवे। ध्यान रखें तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से ही कुछ लक्षण दिखाई देने लगते हैं यथा, शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन ना लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि। इन तथ्यों के आधार पर हमें समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए ध्यान रखना है। इस महत्वपूर्ण कार्य में बोर्ड कक्षाओं के कक्षा शिक्षकों, पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं अन्य शासकीय अमलों का सहयोग लेना है जो शिक्षा से इस कार्य में जुडऩा चाहते हैं। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के टोल फ्री नंबर 1800 23 34363 पर दिनांक 1 मई से 15 मई तक समय प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.00 तक तथा मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर 24ध्7 संपर्क कर नि:शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, करियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष एकेडमिक सहयोग से ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 29 अप्रैल 2024 समय दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। जिसका वेब लिंक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्व संबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा। शिक्षा विभाग के इस सार्थक प्रयास से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को एक साथ इस दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण/ पीटीएम के दौरान आदर्श आचार संहिता का अनिवार्यता पालन भी सुनिश्चित करना होगा।

## ग्राम बरमुड़ा में बड़े तालाब के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी कोतरा रोड पुलिस

**रायगढ़**



सुबह थाना कोतरारोड में ग्राम कोटवार उत्तरादास महंत निवासी बरमुड़ा द्वारा गांव के बड़े तालाब के नीचे नाला कीचड़ में एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना दिया। सूचना पर कोतरारोड पुलिस जांच के लिए ग्राम बरमुडा पहुंची। जहां नाला कीचड़ा में मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 40-45 वर्ष का शव पड़ा मिला। शव में किसी जगह चोट, खरोच का निशान नहीं दिखा। शव के कुछ दिन पुराना होने से शरीर में कीड़े लग गए थे, मृतक "Nike" कंपनी का स्लेटी कलर का नेकर (चड्ढा) पहना हुआ है। मृतक की पहचान एवं उसके वारिसानों का पता लगाने जांचकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा आसपास गांव में मुनादी कराया गया, मृतक का पता नहीं चला है। मामले में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को मरच्युरी में रखवाया गया है। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा जिले और आसपास अंतराल के थानों को अज्ञात शव मिलने की सूचना दी गई है कि वे अज्ञात मृतक से मिलाने करते हुए उनके थाने के गुम इंसान चेक कर मिलान होने पर सूचित करें। साथ ही मृतक के पहचान के लिए विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में मृतक के फोटोग्राफ्स शेयर मृतक की पहचान होने पर कोतरारोड़ थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर – 9479193211 में सूचित करने की अपील की गई है।

## 2 मई को चलेगा 'जानें अपना बूथ' अभियान

❑ कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों के लिए जिला प्रशासन का विशेष अभियान

❑ बूथ स्तर पर शाम 04 से 07 बजे तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**रायगढ़**



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रायगढ़ जिले में 07 मई को मतदान होना है। मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित करने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कम मतदान वाले 175 केंद्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 'जाने अपना बूथ' कार्यक्रम 02 मई को आयोजित होने जा रहा है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण हो रहा है। बीएलओ लोगों को मतदान की तिथि 07 मई और मतदान के समय सुबह 07 से शाम 06 बजे के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसी के उद्देश्य से 'जानें अपना बूथ' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। ग्रामीण इलाकों में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और रायगढ़ शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम की जिम्मेदारी नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी को दी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसमें अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी सहित सभी एसडीएम और तहसीलदार, सीईओ जनपद व सीएमओ नगर पालिका व नगर पंचायत शामिल हुए।

इसके बारे में अधिक जानकारी देते हुए आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि कम मतदान प्रतिशत वाले सभी बूथ में विभिन्न कार्यक्रम जैसे पेंटिंग, क्विज, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक संध्या आयोजित करने की भी कार्ययोजना है। जिससे लोगों के बीच में अपने मतदान केंद्र को लेकर जागरूकता बढ़े और मतदान के दिन वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में वे जान सकें। गौरतलब है कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। जाने अपना बूथ कार्यक्रम से लोगों को उनके मतदान केंद्र के बारे में अवगत कराने की पहल जिला प्रशासन द्वारा होने जा रही है।

## लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी हेतु नगरीय तथा ग्रामीण स्तर पर नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़**

रायगढ़ जिले में माह अप्रैल से जून 2024 के दौरान भीषण गर्मी लू-तापघात से उत्पन्न स्थिति से निपटने तथा जनसमुदाय को लू-तापघात से बचाव एवं तैयारी व प्रबंधन कार्य हेतु नगरीय तथा ग्रामीण स्तर पर नोडल अधिकारी/ सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्र हेतु नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ मोबा.नं.7587202092 को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह किरोड़ीमल नगर पंचायत में रामायण पाण्डेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोबा.नं.83198-46173, पुसौर नगर पंचायत में क्षितीज कुमार सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पुसौर मोबा.नं.9926633609, खरसिया नगर पालिका परिषद में विक्रम भगत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खरसिया मोबा.नं.94792-74016, घरघोड़ा नगर पंचायत में निलेश केरकेट्टा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, घरघोड़ा मोबा.नं.79870-79663, लैलूंगा नगर पंचायत में ममता चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लैलूंगा मोबा.नं.7999482917 तथा धरमजयगढ़ नगर पंचायत में प्रभाकर शुक्ला, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धरमजयगढ़ मोबा.नं.99265-60347 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र हेतु बनाए गए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी में रायगढ़ के लिए लोमेश कुमार मिरी, तहसीलदार रायगढ़ मोबा.नं.91094-73606 एवं राजेश कुमार साहू जनपद सीईओ रायगढ़ मोबा.नं.89669-90098, पुसौर में नेहा उपाध्याय, तहसीलदार पुसौर मोबा.नं.73893-60406 एवं अभिषेक बनर्जी सीईओ जनपद पुसौर मोबा.नं.7724005773, खरसिया के लिए शिव कुमार डनसेना तहसीलदार खरसिया मोबा.नं.79877-12715 एवं हिमांशू साहू सीईओ जनपद खरसिया मोबा.नं.88780-49404, घरघोड़ा के लिए मनोज कुमार गुप्ता तहसीलदार घरघोड़ा मोबा.नं.88398-36408 तथा सुरेश्वर नाथ तिवारी सीईओ जनपद घरघोड़ा मोबा.नं.97708-97010, तमनार के लिए रिचा सिंह तहसीलदार तमनार मोबा.नं. 80857-44738 तथा विरेन्द्र सिंह राय सीईओ जनपद तमनार मोबा.नं.94255-72483, लैलूंगा एवं मुकडेगा के लिए शिवम पाण्डेय, तहसीलदार लैलूंगा अतिरिक्त प्रभार तहसील मुकडेगा मोबा.नं.87706-97391 तथा प्रेमसिंह मरकाम सीईओ जनपद लैलूंगा मोबा.नं.8120404016, धरमजयगढ़ के लिए भोजकुमार डहरिया तहसीलदार धरमजयगढ़ मोबा. नं.62673-23260, कापू एवं छाल के लिए एन.के.सिन्हा तहसीलदार छाल तथा अतिरिक्त प्रभार कापू मोबा. नं.79873-00466 तथा धरमजयगढ़, कापू एवं छाल के लिए शिव कुमार टण्डन, सीईओ जनपद धरमजयगढ़ मोबा.नं. 78794-58643 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480